# आनंदालय

विद्या सवर्थि साधिका

सामयिक परीक्षा - 1

कक्षा : सातवीं

| | |
|---|---|
| विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 40 |
| दिनांक : 16 -07-2024 | समय : 1 घंटा 30 मिनट |

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र तीन खण्डों में विभाजित है -'क','ख','ग' और 'घ'
2. प्रश्न पत्र में कुल सात प्रश्न हैं ।
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए ।
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है ।
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए ।

**खंड- 'क'**

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

बातचीत करते समय हमें शब्दों के चयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि सम्मानजनक शब्द व्यक्ति को उदात्त एवं महान बनाते हैं। बातचीत को सुगम एवं प्रभावशाली बनाने के लिए सदैव प्रचलित भाषा का ही प्रयोग करना चाहिए। अत्यंत साहित्यिक एवं क्लिष्ट भाषा के प्रयोग से कहीं ऐसा न हो कि हमारा व्यक्तित्व चोट खा जाए। बातचीत में केवल विचारों का ही आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि व्यक्तित्व का भी आदान-प्रदान होता है। अतः शिक्षक वर्ग को शब्दों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए। शिक्षक वास्तव में एक अच्छा अभिनेता होता है, जो अपने व्यक्तित्व, शैली, बोलचाल और हावभाव से विद्यार्थियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है और उन पर अपनी छाप छोड़ता है।

(i) शिक्षक होता है - (1)

(क) राजनेता (ख) साहित्यकार (ग) अभिनेता (घ) कवि

(ii) बातचीत में किस प्रकार की भाषा का प्रयोग करना चाहिए ? (1)

(क) अप्रचलित (ख) प्रचलित (ग) क्लिष्ट (घ) रहस्यमयी

(iii) शिक्षक वर्ग को बोलना चाहिए? (1)

(क) सोच-समझकर (ख) ज्यादा (ग) बिना सोचे-समझे (घ) तुरंत

(iv) बातचीत में विचारों के आदान-प्रदान के अतिरिक्त और किसका आदान-प्रदान होता है ? सोदाहरण उत्तर लिखिए। (2)

(v) शिक्षक वर्ग को शब्दों का चयन कैसे करना चाहिए ? उदहारण सहित लिखिए । (2)

**खंड- 'ख'**

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए - (1x7=7)

(i) 'भाभी माँ ने श्रृंगार कर, बाज़ार जाने की योजना बनाई ।'
(वाक्य से अनुस्वार युक्त शब्द को छाँट कर लिखिए ।)

(ii) 'भूकंप आने से पृथ्वी काँप उठी ।'
(वाक्य से अनुनासिक युक्त शब्द को छाँट कर लिखिए)

(iii) "मेरे होंठ काँप रहे थे फिर भी मैंनें दादाजी के ऊपर कफ़न चढ़ाया ।'
(वाक्य से नुक्ता युक्त शब्द को छाँट कर लिखिए ।)

(iv) 'प्रतिक्षण' शब्द से (उपसर्ग छाँट कर लिखिए ।)

(v) 'सुगंधित' शब्द से (प्रत्यय छाँट कर लिखिए ।)

(vi) राजा ने विजेता को पुरस्कार दिए और अपराधी को --------- दिए ।
(रेखांकित शब्द का विलोम रिक्त स्थान में भरिए ।)

(vii) 'नृप' शब्द का (एक पर्यायवाची शब्द लिखिए।)

## खंड- 'ग'

3. गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x4=4)

मिठाईवाला मधुर ढंग से गाकर अपनी चीजों की विशेषता बताता था और बेचता था। वह बच्चों से बहुत प्यार करता था उन बच्चों में अपने बच्चों की झलक देखता था तथा कम लाभ में बच्चों को खिलौने तथा मिठाईयाँ दे जाता था और हर बार नई चीज लाता था और बच्चों पर कभी गुस्सा नहीं करता था। उसके स्नेहाभिषिक्त कंठ से फूटा हुआ गान सुनकर निकट के मकानों में हलचल मच जाती । छोटे-छोटे बच्चों को अपनी गोद में लिए युवतियाँ चिकों को उठाकर छज्जों पर नीचे झाँकने लगतीं। गलियों और उनके अंतर्व्यापी छोटे-छोटे उद्यानों में खेलते और इठलाते हुए बच्चों का झुंड उसे घेर लेता और तब वह खिलौनेवाला वही बैठकर खिलौनों की पेटी खोल देता।

(i) लेखक का नाम है -
(क) भवानीप्रसाद मिश्र (ख) भगवतीप्रसाद वाजपेयी
(ग) विजय तेंदुलकर (घ) शिवप्रसाद सिंह

(ii) बच्चे किसे घेर लेते थे-
(क) पड़ोसियों को (ख) दोस्तों को
(ग) खिलौनेवाले को (घ) युवती को

(iii) खिलौनेवाले का स्वर कैसा था?
(क) मार्मिक (ख) कर्कश (ग) मीठा (घ) तीखा

(iv) जिन बच्चों को मुरलीवाला मिठाई, मुरली और खिलौने बेचता था, उन बच्चों में किसकी झलक देखता था ?
(क) उनमें ईश्वर की झलक देखता था
(ख) उनमें बच्चों की झलक देखता था
(ग) उनमें अपने बच्चों की झलक देखता था
(घ) उनमें गैरों के बच्चों की झलक देखता था

4. पद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x3=3)

स्वर्ण - श्रृंखला के बंधन में
अपनी गति, उड़ान सब भूले,
बस सपनों में देख रहे हैं
तरु की फुनगी पर के झूले।
ऐसे थे अरमान कि उड़ते
नील गगन की सीमा पाने,
लाल किरण-सी चोंच खोल
चुगते तारक-अनार के दाने।

(i) पद्यांश के कवि हैं -
(क) जैनेंद्र कुमार (ख) शिवमंगल सिंह 'सुमन' (ग) यतीश अग्रवाल (घ) कबीर दास

(ii) पिंजरे में बंद पक्षी क्या-क्या भूल जाते है ?
(क) अपनी इच्छा (ख) अपनी उड़ान (ग) अपनी खुशी (घ) अपनी गति, उड़ान

(iii) 'लाल किरण-सी चोंच खोल' से क्या तात्पर्य है?

(क) सूरज की किरणों के जैसी लाल चोंच को खोल कर

(ख) लाल किरण में लाल चोंच को खोल कर

(ग) लाल किरण जैसी लाल चोंच खोल कर

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5. निम्नलिखित चार में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) आप नदियों को किस रूप में देखते हैं ? उनकी सफ़ाई (स्वच्छता) के लिए क्या प्रयास करते हैं या कर सकते हैं ?

(ii) काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है ?

(iii) कवि ने 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता के माध्यम से हमें क्या संदेश देना चाहा है?

(iv) ग्राहकों का व्यवहार कैसा होता है ? कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

## खंड- 'घ'

6. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन कीजिए । (1x5=5)

(क) जीवन में सत्संग का महत्त्व

संकेत बिंदु- सत्संग क्या है, सत्संग दुर्लभ, सत्संग के लाभ, उपसंहार

**अथवा**

(ख) कंप्यूटर-आज की आवश्यकता

संकेत बिंदु- कंप्यूटर एक विचित्र उपकरण, बढ़ता उपयोग, इंटरनेट और कंप्यूटर, प्रयोग की सावधानियाँ

**अथवा**

(ग) त्योहारों का महत्त्व

सकेत बिंदु- विभिन्न क्षेत्रों के अपने-अपने त्योहार, विभिन्न प्रकार के त्योहार, त्योहारों का महत्त्व, त्योहारों के स्वरूप में परिवर्तन

7. (क) आपके विद्यालय में औषधि (दवा) युक्त पौधे लगवाने हेतु आग्रह करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए । (5x1=5)

**अथवा**

(ख) आपको नए सत्र के आरंभ में पुस्तकें, ड्रेस तथा कापियाँ खरीदने के अलावा शुल्क (फ़ीस) भी जमा करना है। इसका उल्लेख करते हुए 10000/ रुपये मँगवाने के लिए अपने पिताजी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए ।